दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका | संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 197 | छतरपुर, गुरूवार 13 फरवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# प्रधानमंत्री के बागेश्वर धाम आगमन की तैयारियां शुरू

## कैंसर अस्पताल का करेंगे भूमिपूजन, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

***छतरपुर। समस्त बुन्देलखण्ड के लिए एक बार फिर से वह पल आने वाला है जब एक महीने में दूसरी बार प्रधानमंत्री छतरपुर जिले की धरती आ रहे हैं। वे देश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी के साथ देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करेंगी। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा बुधवार को बागेश्वर धाम पहुंचे।***

बागेश्वर धाम में आगामी 23 फरवरी को 100 बिस्तर के कैंसर हॉस्पिटल का भूमिपूजन किया जाना है जिसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है। इस वृहद आयोजन के लिए प्रशासन की टीमें पूरी तरीके से मुस्तैद हैं तो वहीं बागेश्वर धाम परिवार के सदस्य भी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 तारीख को बागेश्वर धाम ग्राम गढ़ा पहुंचकर विधिविधान के साथ कैंसर अस्पताल की नींव रखेंगे। आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए बुधवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा एवं राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, पन्ना विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान गौतम सहित अनेक भाजपा नेता बागेश्वर धाम पहुंचे। सर्वप्रथम वीडी शर्मा ने बागेश्वर बालाजी मंदिर में जाकर दर्शन किए। इसके पश्चात बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। वीडी शर्मा ने कहा कि एक बड़े उद्देश्य को लेकर बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल बनने जा रहा है जो सिर्फ बुन्देलखण्ड ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए भी बड़ी बात होगी। प्रधानमंत्री का भी सपना है कि देश कैंसर मुक्त हो। इसी वजह से प्रधानमंत्री इस अस्पताल के भूमिपूजन कार्यक्रम में बागेश्वर धाम पधार रहे हैं। इस मौके पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमारा भारत विश्वामित्र का भारत है। वे चीन, रूस और यूक्रेन के भी मित्र हैं भले ही इन देशों की आपस में बातचीत न होती हो लेकिन भारत विश्व मित्र की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री देश को एक अलग दिशा दे रहे हैं और ये खुशी की बात है कि वे भूमिपूजन कार्यक्रम में बागेश्वर धाम पधार रहे हैं। हम प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और बागेश्वर धाम के सहयोगियों के साथ बेहतर व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हैं।



***चार चरणों में होगा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण***

जानकारी के मुताबिक बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल का निर्माण चार चरणों में पूर्ण किया जाएगा जिसका काम 23 फरवरी से शुरू होगा। पहला चरण तीन साल में पूरा होगा जिसकी लागत लगभग 200 करोड़ रूपए बताई जा रही है। 100 बेड के इस अस्पताल के लिए 25 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है और अस्पताल का नाम बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट रखा जाएगा। बताया जा रहा है कि यहां जर्मनी और इंग्लैण्ड के डॉक्टर भी सेवाएं देंगे और गरीब मरीजों का इलाज नि:शुल्क किया जाएगा। बागेश्वर महाराज ने बताया कि फण्ड की व्यवस्था कथा से मिलने वाली राशि और दानदाताओं के सहयोग से की जाएगी। अस्पताल में फूड कोर्ट, धर्मशाला, एक्जीबिशन कॉम्पलेक्स, फार्मेसी एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स, यज्ञशाला आदि बनाए जाएंगे। तो वहीं मरीजों के लिए एंबुलेटरी केयर एरिया, जनरल वार्ड, पैथालॉजी, सीटी स्कैन, एमआरआई, रेडियोथैरेपी एण्ड कीमोथैरेपी, ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू की व्यवस्था होगी। अस्पताल का संचालन बागेश्वर धाम ट्रस्ट समिति करेगी।

# राहुल राजा अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

## हत्यारे गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त हथियार जप्त

छतरपुर। थाना भगवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरकना बछेड़ी पुल के पास एक मृत अवस्था में व्यक्ति के होने की सूचना प्राप्त हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव रक्तरंजित अवस्था में था, धारदार हथियार से प्रहार करना पाया गया, शव की शिनाख्तगी मृतक राहुल राजा निवासी पुरापट्टी के रूप में हुई। साक्ष्य एकत्र कर पोस्टमार्टम हेतु पहुंचाया गया।



मृतक के परिजनों, साक्षियों के कथन, एकत्रित साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना भगवां में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस टीम द्वारा एकत्रित साक्ष्य के अनुसार कुछ संदेहियों के संबंध में जानकारी मिली, संदेहियों से पूछताछ की गई, जिनके द्वारा हत्या करना स्वीकार किया गया। हत्या में सम्मिलित तीन आरोपियों नीतू उर्फ नीतेश पिता पूरन लोधी निवासी ग्राम मवया थाना भगवा, नरेंद्र प्रताप बलदेव लोधी निवासी ग्राम अगरौठा थाना भगवा, हरदयाल लोधी पिता लालू लोधी निवासी ग्राम अगरौठा थाना भगवा को अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी एवं अपाचे मोटरसाइकिल जप्त की गई। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक डीके सिंह उपनिरीक्षक एम एल मरावी, प्रधान आरक्षक कल्याण सिंह आरक्षक सत्यपाल, अक्षय तिवारी, कृष्णकांत, गणेश, राजाराम, कौशल एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ की टीम द्वारा की गयी यात्री बसों की जांच

## 11 वाहनों की जांच कर वसूले गये 54 हजार, दो बसें जप्त

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर आज आरटीओ विक्रम जीत सिंह कंग की टीम के द्वारा शहर के पन्ना रोड एवं बस स्टैंड पर यात्री बस की सघन जांच की गई।



वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर कार्यवाही करते हुए 11 वाहनों से दस्तावेज पूरे ना होने पर, सवारी बस में लगेज होने पर एवं ज्यादा सवारी पाये जाने पर 54 हजार का राजस्व वसूल किया, साथ ही बारात के परमिट पर रूट पर चलता पाये जाने पर 2 बसों को ज़ब्त कर आरटीओ कार्यालय में रखा गया है।

आरटीओ विक्रम जीत सिंह कंग ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन आयुक्त और जिला कलेक्टर की मंशा के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने वाहन संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यात्रियो की सुरक्षा के साथ कोई भी खिलवाड़ किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसलिये दस्तावेज पूर्ण करवा कर निर्धारित संख्या में ही यात्रियों को बैठाएं। कार्यवाही के दौरान आरटीओ चेकपॉइन्ट छतरपुर-1 से प्रभारी शिवानी मुकाती, अपने स्टाफ सहित और आरटीओ चेक पॉइंट 2 से स्टाफ के साथ सैनिक यासीन खान आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान समापन अब है विशाल भगवान बाहुबली का महामस्तकभिषेक निकला जुलूस

**लीलाधर साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरझामर। ग्राम में श्री महावीर जिनालय में 3 फरवरी से 12 फरवरी तक सिद्धचक्र महामंडल विधान सिद्धों की आराधना की जा रही थी जिसके पुण्यअर्जक प्रसिद्ध कपड़ा व्यापारी ऋषभ /शरद विद्रास वाला परिवार थे सकल दिगंबर जैन समाज के सहयोग एवं महावीर जिनालय समिति द्वारा आचार्य विशुद्धसागर धारा के यमल संत आस्तिक्यसागर, प्रणीतसागर का मंगल सानिध्य प्राप्त है आपको बतला दूं गौरझामर नगर में तकरीबन 6 वर्ष पूर्व बुंदेलखंड मे विशाल प्रतिमाओं में से एक जैनधर्म के संस्थापक ऋषभदेव आदिनाथ जी के प्रथम पुत्र भरत चक्रवर्ती जिनके नाम से देश का नाम भारतवर्ष हुआ उन्हीं के छोटे भाई बाहुबली भगवान जिनकी हजारों वर्ष प्राचीन प्रतिमा गोमटेश बेंगलुरु में मौजूद है उन्हीं के दर्शन स्मरण को विशाल प्रतिमा की स्थापना गृहस्त में इन्हीं दोनों महाराज के माता-पिता द्वारा गौरझामर में करवाई गई उन्हीं के सानिध्य में विशाल प्रतिमा के सामने प्रांगण में नयापुरा गौरझामर सिद्ध चक्र महामंडल विधान 3 फरवरी से लगातार चलते हुए 12 फरवरी को आज समापन हुआ जिसका विशाल व्यवस्थित जैनधर्म अनुसार वेशभूषा में नगर के बीचों बीच से सागर रोड एमपी नगर तक जुलुस निकला जुलुस सर्वप्रथम अतिशय क्षेत्र के बड़े बाबा जैन मंदिर श्री देव पारसनाथ बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ महावीर जनली श्री जी विराजमान करके व्यवस्थित ढोल नगाड़ों और ड्रेस आज के जुलूस की शोभा अलग-अलग खेती देखी जुलूस के मध्य मुनिश्री ने भी संपूर्ण नगर साथ में ही विचरण किया कल इसी प्रांगण में भगवान बाहुबली जी की विशाल प्रतिमा का महामस्तक अभिषेक का आयोजन एवं समस्त समाजजन का सहभोज समर्पित सोशल ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा आमंत्रित किया गया है।



# संस्कार इंटरनेशनल स्कूल गौरझामर में संस्कार मूल्यों एवं जीवन प्रबंधन की शिक्षा

परिहार गर्जना न्यूज। गौरझामर। संस्कार इंटरनेशनल स्कूल गौरझामर में परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज जी का आगमन हुआ ,जिसमे मुनि श्री का छात्र ,छात्राओं एवं शिक्षक ,शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । आचार्य श्री ने संस्था के नाम संस्कार के पांच अर्थ बताए। जिसमे 1. विनय ,2. समर्पण 3.समय प्रबंधन4.अनुशासन 5.लक्ष्य संस्कार युक्त व्यक्ति ही लक्ष्य को प्राप्त करता है एवं जीवन में सफल होता है। आचार्य श्री की अगवानी संस्था संचालक श्री विवेक कुमार जैन जी ने की साथ में संस्कार प्राइवेट आईटीआई एवं संस्कार इंटरनेशनल स्कूल दोनों संस्था के समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।संस्था संचालक श्री विवेक जैन जी ने बताया कि मुनि श्री से संस्थान के छात्रों शिक्षक, शिक्षिकाओं को मार्गदर्शन आर्शीवाद प्रदान करने के लिए संस्था में आने के लिए निवेदन किया जिसे मुनि श्री ने सहज भाव से स्वीकार किया मुनि श्री मुख से वचन सुनकर एवं दर्शन करके पूरा संस्थान परिवार धन्य हो गया।



# सरस्वती शिशु मंदिर बीना द्वारा पोषक ग्रामों में संत रविदास जयंती मनाई गई

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/प्राचीन काल से ही भारत की पुण्य भूमि पर अनेक महापुरुष,ऋषि मुनी, समाज सुधारक, संत अवतरित हुए हैं। ऐसे ही एक सनातन धर्मरक्षक संत श्री रविदास जी की जयंती पर विभिन्न पोषक ग्रामों जैसे कलरावनी, बेरखेड़ी, बसाहरी, सेमरखेड़ी, शब्दापाली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बीना तहसील की एकमात्र आधुनिक तकनीक युक्त एटीएल लैब सरस्वती शिशु मंदिर बीना में स्थापित है। इस कार्यक्रम में विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया, भगत सिंह वार्ड विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रामसेवक शर्मा ने संत रविदास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में हरकिशन अहिरवार, सूरज अहिरवार, श्याम लाल अहिरवार, काले अहिरवार, सुखलाल अहिरवार, रामेश्वर अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार, चंद्रभान सिंह दांगी, वीर सिंह ठाकुर, राम लोधी, रामसेवक अहिरवार ग्रामीण वासी व आचार्य परिवार उपस्थित रहे।



# तहसीलदार ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर संतुष्टि, सफाई में सुधार की आवश्यकता



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा- बक्सवाहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का तहसीलदार भरत पांडे ने बुधवार को अचानक निरीक्षण कर हड़कंप मचाया। अस्पताल के विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी ड्यूटी, ब्लड बैंक, और सफाई व्यवस्था का गहनता से जायजा लेते हुए उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने अस्पताल में काम कर रहे चिकित्सकों और कर्मचारियों की उपस्थिति पर संतोष जताया, लेकिन अस्पताल की सफाई व्यवस्था में कुछ खामियां देखने को मिलीं। उन्होंने बीएमओ को आदेश दिया कि सफाई में सुधार लाकर मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए ताकि संक्रमण के खतरे को कम किया जा सके।

तहसीलदार पांडे अस्पताल के भीतर कदम रखते ही सबसे पहले स्वच्छता पर ध्यान दिया। वह अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से लेकर प्रसव वार्ड तक पहुंचे और वहां के हालात का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद मरीजों से भी संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुना। मरीजों ने अस्पताल में बेहतर उपचार की सराहना की, लेकिन कुछ ने सुविधाओं में और सुधार की भी अपेक्षाएं जताई।

बीएमओ सत्यम असाटी, डॉक्टर रवि राज और अन्य स्टाफ अपने कार्यों में जुटे हुए थे। अस्पताल में दो ही डॉक्टरों की कमी का जिक्र करते हुए डॉक्टरों ने बताया कि मरीजों की संख्या को देखते हुए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना आवश्यक है।

भरत पांडे, तहसीलदार ने कहा, 卐ग्रामीणों द्वारा अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत की गई थी, जिसके आधार पर आज का निरीक्षण किया गया। हालांकि अस्पताल की अधिकांश व्यवस्थाएं ठीक हैं, कुछ बारीकियों में सुधार की आवश्यकता है। निरीक्षण का प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा जाएगा और सुधार के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों और सफाई कर्मियों से अनुरोध किया कि वे अपने कार्य में और तत्परता दिखाएं ताकि मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अस्पताल की स्वच्छता बनाए रखने में पूरा सहयोग करें।

तहसीलदार ने अंत में कहा कि स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है, और इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

# भदभदा डेम के पीने के पानी से खेतो मे अवैध सिंचाई पर सीएमओ नेहा शर्मा और नायब तहसीलदार सुनील केवट की कड़ी कार्रवाई

## 6 किसानों की मोटर और अवैध सामान जब्त





परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा- वकस्वाहा क्षेत्र के दमोह जबलपुर मार्ग पर स्थित भदभदा डेम से पीने के पानी की खेतो मे अवैध सिंचाई पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) नेहा शर्मा और नायब तहसीलदार सुनील केवट के नेतृत्व में नगर पालिका, राजस्व विभाग और बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने कड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई के तहत छह किसानों से अवैध मोटर, पाइप और अन्य सामग्री जब्त की गई।

कुछ दिनों से नगर पालिका को यह शिकायत मिल रही थी कि कुछ किसान भदभदा डेम से मोटरों के माध्यम से अबैध तरीके से नगर के लिए पीने के पानी का उपयोग खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। यह पानी पूरी तरह से नगरवासियों के पीने के लिए उपलब्ध कराया जाता है, और इसका सिंचाई के लिए इस्तेमाल करना पूरी तरह से अवैध है। इस गंभीर शिकायत के बाद सीएमओ नेहा शर्मा और नायब तहसीलदार सुनील केवट ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई।

सीएमओ नेहा शर्मा ने कहा, 卐हमारे नगरवासियों को पीने का पानी भदभदा डेम से मिल रहा है, और इस पानी का उपयोग केवल पीने के लिए किया जाना चाहिए। खेतों में इसका अवैध रूप से उपयोग करना पूरी तरह से गैरकानूनी है। सीएमओ नेहा शर्मा और नायब तहसीलदार सुनील केवट के नेतृत्व में नगर पालिका और राजस्व विभाग की टीम ने भदभदा डेम पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान, छह किसानों से मोटर, पाइप, डोरी और अन्य अवैध सामान जब्त किया गया। इन किसानों ने अवैध रूप से डेम से पानी निकालकर अपने खेतों में सिंचाई की थी।

इस कार्रवाई में बिजली विभाग का भी सहयोग था। अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर मोटर चलाने वाले किसानों के खिलाफ बिजली विभाग को सूचित किया गया और संबंधित कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार सुनील केवट ने कहा, 卐भदभदा डेम से मिलने वाला पानी केवल नगरवासियों के लिए है, और इसका उपयोग सिर्फ पीने के लिए किया जाना चाहिए। किसी भी किसान या व्यक्ति को इसे अवैध तरीके से सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीएमओ नेहा शर्मा ने बताया, 卐हमने सभी किसानों को नोटिस जारी कर दिए हैं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध बिजली कनेक्शन के मामलों में भी कार्रवाई की जाएगी।卐 उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी कोई घटना होने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस छापेमारी में नगर पालिका, राजस्व विभाग और बिजली विभाग का पूरा सहयोग रहा। अधिकारियों ने कहा कि भदभदा डेम से पीने का पानी केवल नगरवासियों के उपयोग के लिए है, और इस पानी की अवैध सिंचाई को रोकने के लिए निगरानी और कड़ी की जाएगी। नेहा शर्मा और सुनील केवट ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि ऐसी घटनाएं सामने आती हैं तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने खेल मंत्री को सौंपा प्रस्ताव

# सागर को मिल सकता है अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलेटिक्स स्टेडियम



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। खेल प्रतिभाओं को निखारने और सागर को खेलों का नया हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया से सागर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सर्व-सुविधायुक्त एथलेटिक्स स्टेडियम के निर्माण की मांग की है। प्रस्ताव में आधुनिक खेल सुविधाओं के साथ ओलंपिक साइज के स्विमिंग पूल को भी शामिल किया गया है, जिससे तैराकी के क्षेत्र में भी खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण मिल सके।

खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बेहतर मंच - सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने अपने पत्र में कहा कि सागर जिला ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ-साथ खेलों की दृष्टि से भी अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यहाँ के युवा विभिन्न खेल विधाओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके हैं, यहाँ के खिलाड़ियों में प्रतिभा अपार है लेकिन आधुनिक खेल अधोसंरचना के अभाव में उनकी प्रतिभा आगे नहीं बढ़ पा रही है। यदि इस क्षेत्र में एक उच्च स्तरीय एथलेटिक्स स्टेडियम का निर्माण होता है, तो इससे स्थानीय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा और वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे।

स्टेडियम में होंगी ये प्रमुख सुविधाएँ - प्रस्तावित स्टेडियम में खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 400 मीटर का सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, लॉन्ग जंप, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, पोल वॉल्ट जैसी सुविधाएँ होंगी। इसके अलावा, ओलंपिक साइज का स्विमिंग पूल बनाया जाएगा, जिससे सागर और आसपास के तैराकों को भी विश्वस्तरीय ट्रेनिंग मिल सके।

# सौरभ शर्मा छोटी मछली, वह किसके लिए काम करता था यह सामने आना चाहिए- उमंग सिंघार



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने बुंदेलखंड दौरे पर आज दिनांक 12 फरवरी को सागर में मीडिया से संवाद किया। उमंग सिंघार ने बुंदेलखंड और सागर के स्थानीय मुद्दों सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा।

बुंदेलखंड में विकास को लेकर भाजपा कर रही भेदभाव- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश की राजनीति में बुंदेलखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। जब कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी तब कांग्रेस ने बुंदेलखंड को विशेष पैकेज दिया था। मगर बाद में यहां भारी भ्रष्टाचार हुआ और कई योजनाएं रुकी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अभी मध्यप्रदेश में इन्वेस्टर मीट होने वाली है। इसके पहले भी सागर में अगस्त 2023 में इन्वेस्टर मीट हुई थी। शिवराज जी और मोहन यादव जी को बताना चाहिए कि सागर और बुंदेलखंड में कितना निवेश आया और कौनसे उद्योग लगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बुंदेलखंड पैकेज में भ्रष्टाचार हुआ, भाजपा सरकार यहां उद्योग नहीं लगा पाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार बुंदेलखंड से वोट तो चाहती है लेकिन यहां का विकास नहीं चाहती।

**दलित आदिवासियों पर अत्याचार**- उमंग सिंघार ने कहा कि बुंदेलखंड में दलित, आदिवासियों के साथ भी लगातार अत्याचार हो रहा है। यहां मंत्री या पूर्व मंत्रियों की दादागिरी चल रही है और कार्यकर्ता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे केस दर्ज किए जाते हैं। साथ ही यहां भाजपा द्वारा भेदभाव की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताना चाहता हूं कि उनकी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ी जाएगी और जल्द भाजपा के मंत्री भी कठघरे में खड़े नजर आएंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि एससी एसटी को जो राहत राशि दी जानी थी वो भी अभी तक बंट नहीं पाई है। इसपर जल्द कार्यवाही होनी चाहिए और अगर सरकार नहीं देना चाहती तो वो भी बताएं। उमंग सिंघार ने कहा कि एससी छात्रों को जो पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति मिलती है, उसका 60 फीसदी पैसा भी केंद्र सरकार से नहीं आया। केंद्र सरकार के मंत्री इसपर ध्यान नहीं देते। उमंग सिंघार ने कहा कि डेरी पशुपालन में यहां 362 रजिस्ट्रेशन हुए थे जिन्हें प्लाट मिलने थे, इसमें भी प्लाट भाजपा के लोगों को दिए गए। इसकी भी जांच होना चाहिए।

**जिले में बढ़ रही गुंडागर्दी**- उमंग सिंघार ने कहा कि सागर जिले में गुंडागर्दी बढ़ रही है। बीना में सरेआम 20-25 लोगों ने एक तिवारी परिवार से मारपीट की। उन्होंने कहा वो उनसे अस्पताल में मिलकर आए हैं। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में सिर्फ नाम की कार्यवाही की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बुंदेलखंड में अपराध की नई कहानी लिखी जा रही है। इसपर तत्काल रोक लगना चाहिए।

**स्थानीय मुद्दे**- उमंग सिंघार ने कहा कि बंडा में मध्य भारत एग्रो फैक्ट्री की वजह से वहां बहुत से लोग बीमार हो रहे हैं और पीड़ित हैं। इसपर भाजपा सरकार और जिला प्रशासन कोउ कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा ये बड़ा सवाल है। उमंग सिंघार ने कहा कि सागर में स्मार्ट सिटी में भी भ्रष्टाचार की खबरें आई हैं। मंत्री, नेता और अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई है। इसकी भी जांच होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्थानीय मांग है कि मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय का मर्जर नहीं हो इसके लिए वो मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

**डॉ हरिसिंह गौर को भारत रत्न**- उमंग सिंघार ने कहा कि सागर के लोग और सभी बुद्धिजीवी चाहते हैं कि डॉ हरि सिंह गौर जी को भारत रत्न मिले। भाजपा नेताओं ने कई बार कहा लेकिन उन्हें भारत रत्न नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इसपर गैरराजनीतिक रूप से सामूहिक प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इसको लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी लिखेंगे।

**सौरभ शर्मा मामला**- उमंग सिंघार ने कहा कि जिले के सभी मंत्रियों की उन्हें जानकारी मिली है। जल्द ही राजधानी में इसको लेकर खुलासा होगा। उन्होंने आगे कहा कि सौरभ शर्मा के किस्से संबंध थे और वो किसके लिए पैसे जुटा रहा था। इसकी जांच क्यों नहीं हो रही ? उन्होंने कहा मुख्यमंत्री क्या अपने हाथ जलने के डर से इसमें हाथ नहीं डाल रहे ? वहीं प्रधानमंत्री जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं वो मध्यप्रदेश भी आ रहे हैं। क्या वो ये नीति मध्यप्रदेश के लिए भी रखेंगे ?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 2012-13 से लोकायुक्त के जांच प्रतिवेदन लंबित हैं। सरकार चाहती ही नहीं है कि भ्रष्टाचार पर चर्चा हो। जनता का पैसा कौन नेता, कौन अधिकारी खा रहा है ये सामने आना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ऐसी कई जांच रिपोर्ट दबाकर बैठी है।

# असामाजिक तत्व द्वारा प्राचीन मंदिर में की गई तोड़ फोड़



**श्रीराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। जिला सागर के गढ़ाकोटा नगर में साईं वाटिका केसरवानी कॉलोनी में एक प्राचीन मंदिर है। जिसमें कुछ वर्षों पूर्व वार्ड वासियों द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया। मूर्तियों को भी स्थापित किया गया था। एक व्यक्ति द्वारा बीते आधी रात में शनि भगवान की मूर्ति सहित,शिव जी की मूर्ति एवं नंदी को भी तोड़ दिया गया। जिससे समस्त कॉलोनी वासियों में आक्रोश व्याप्त है जिस घटना पर संज्ञान लेते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल गढ़ाकोटा के सभी के सदस्य ने मिलकर थाना गढ़ाकोटा में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

ज्ञापन देने पहुंचे संगठन के सदस्य राजकुमार दुबे, पिंटू ठाकुर,नितिन साहू, राजकुमार सेन, राधेश्याम रैकवार, थाना पहुंचकर एफ आई आर दर्ज कराकर आरोपी को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। संदीप दुबे, रूपेश शुक्ला, जीतेश मिश्रा,वीरू यादव, नीलेश चौबे, सुमित यादव, शिवलाल चढार,शिवम् तिवारी,नितिन साहू, श्रीराम साहू पत्रकार आदि द्वारा घटना की कड़ी निंदा की गई एवं प्रशासन से निवेदन किया गया कि घटना पर ध्यान देकर आगामी कानूनी कार्यवाही करे, जिससे अन्य असामाजिक तत्वों को इस प्रकार के कार्य करने से पहले कानूनी भय व्याप्त रहे।

# शिवसेना ने डण्ड पूजन कर दी वेलेनटाईन डे का विरोध करने की चेतावनी




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शिवसेना संगठन ने देव हनुमान पहलबान बब्बा मंदिर पर एकत्रित होकर पुजारी, पुरोहित आचार्य डॉ. देवेन्द्र गुरू, आचार्य शिवनारायण गोस्वामी, शिवम शास्त्री, दिनेश पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोंचारण विधि के साथ डण्ड पूजन किया गया तदउपरांत शिवसैनिकों ने लटठो को पिलाया चमेली का तेल। शिवसेना संगठन 14 फरवरी वेलेनटाईन डे पर पाश्चात् संस्कृतिरूपी अश्लीलता का कालीचरण चौराहा सिविल लाईन पर पुतला दहन करेगी। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने युवाओं से वेलेनटाईन डे को मातृ-पितृ, गुरू पूजन के दिवस में मनाने की अपील करते हुए कहा कि पाश्चात संस्कृति की विकृत मानसिकता रूपी वेलेनटाईन डे का शिवसैनिक पुरजोर विरोध करते आ रहे है जो क्रम आगे भी जारी रहेगा, उन्होनें कहा कि इस दिन पुलवामा में शहीद 44 जवानों को शिवसेना जिला प्रमुख दीपक लोधी ने कहा कि वेलेनटाईन डे के दिन शिवसैनिकों की टुकडियां रेस्टोरेंट, पार्क, पिकनिक स्थलों पर तैनात रहेगी। उन्होनें पुलिस अधीक्षक सागर से भी अपील की कि पुलिस प्रशासन भी अश्लील फूहडतावादी कार्यक्रमों को रेस्टोरेंट, होटलों में न होने दे। शिवसेना जिला प्रभारी विकास यादव ने कहा कि शिवसैनिक शहर के रेस्टोरेंट संचालको को आवेदन पत्र देकर अपने होटलों में अश्लीलता रूपी कार्य न करने की हिदायत दे चुके है। यादव ने कहा कि यदि अश्लील हरकतों की शिवसेना संगठनों को जानकारी मिलती है तो उसका शक्ति से विरोध होगा। अश्लीलता का पुतला दहन दिनांक 14.02.2025 को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। दण्ड पूजन में देववृत शुक्ला, पंकज दुबे, शिवशंकर दुबे, सचिन जैन, शंशाक रावत, ज्ञानी विश्वकर्मा, संजय पटवा, आशुतोष तिवारी, शरद दुबे, सतीश अवस्थी, आदि जैन, बसंत भदौरिया, रवि राज, अमन ठाकुर, शिवम संसिया, मयंक रजक, अजय बुंदेला, स्वास्तिक चौहान, अन्नू अनिकेत, आयुष जैन, शुभांक रजक, मयंक सेन, आकाश रजक, अनुज तिवारी, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, निशांत जारोलिया, राहुल, आदि सहित अनेक शिवसैनिक उपस्थित थे।

# वन भूमि पर बेंजा कब्जा कर किसानी करने वालों पर बरपा कहर, फसलें हुई तबाह

## वन परिक्षेत्र जतारा में अतिक्रमण के विरुद्ध फिर शुरू हुई बुलडोजर कार्रवाई

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। सरकारी भूमि पर बेंचा कब्जा करने वालों की संख्या जिले में कम नहीं है। जिले भर में राजस्व और वन अमला इन मामलों पर चुप्पी साधे हुए हैं। गौचर भूमि पर भी कई इलाकों में दबंगों ने अपने हाथ-पांव फैला रखे हैं। राजस्व सहित अनेक विभागों की उदासीनता के चलते सरकारी बेशकीमती जमीनें अतिक्रमण की चपेट में बनी हुई हैं। ऐसे में जतारा वन अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई ने लोगों में अपनी छवि को बेहतर किया है। यहां अनेक किसानों एवं अवैध कब्जाधारियों ने वन भूमि पर कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया था। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए मुहिम शुरू कर आज लगभग दस स्थानों का अतिक्रमण हटाया गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बताया गया है कि वनाधिकारियों ने अमले के साथ दोपहर 12 बजे के लगभग गांव बन्ने बुजुर्ग इलाके में पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई। आज लगभग दस अतिक्रमणकारियों की जमीनों से अतिक्रमण हटाकर भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। यह कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। बताया गया है कि इस इलाके में अनेक किसानों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिन पर वनाधिकारियों द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है।



***फसलों को किया जेसीबी से नष्ट-***

बताया गया है कि वन अमले ने आज सारे दिन ग्राम बन्ने बुजुर्ग गांव के नजदीक बीट कररई के कक्ष क्रमांक पीएफ 304 ए में व्याप्त वर्षों पुराने अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई जारी रखी। बताया गया है कि जतारा रेंजर का बुलडोजर फिर चलने से अतिक्रमणकारियों में खलबली मची हुई है। मुख्य वन संरक्षक छतरपुर और वन मंडल अधिकारी एवं उप वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में वर्षों पुराने अतिक्रमण को बेदखल करने की कार्यवाही की प्रक्रिया के तहत सर्वप्रथम अतिक्रमणकारियों को पूर्व से किए गए अतिक्रमण के लिए दर्ज वन अपराध और कार्य आयोजना में अतिक्रमण का उल्लेख होने पर विधिवत अतिक्रमणकारियों को भारतीय वन अधिनयम 1927 की धारा 80 (अ) के तहत अतिक्रमण बेदखली के नोटिस जारी कर पर्याप्त समय देने पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर पुन: धारा 80 के साथ साथ 82 की कार्यवाही किए जाने हेतु नोटिस जरी किए गए, परन्तु अतिक्रमणकारियों द्वारा आए दिन वन विभाग से लड़ाई झगड़ा कर वन सुरक्षा और वानिकी कार्यों को करने से रोका जाकर अतिक्रमण को बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे, जिसके तहत 12 फरवरी 2025 को विधिवत पुलिस एवं प्रशासन से सहयोग प्राप्त करते हुए वन मंडल टीकमगढ़ के संपूर्ण वन अमले के सहयोग से वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में बीट कररई के कक्ष क्रमांक पी- 304 ए में जेसीबी मशीनों की सहायता से बेदखली की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणकारियों की बागड़ और खेतों में लगी फसल को उजाड़कर मौके से बेदखल किया गया। बताया गया है कि उसके बाद उन सभी अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नामजद नवीन वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर 15-20 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही में वन परिक्षेत्र जतारा के वन अमले के साथ-साथ वन परिक्षेत्र टीकमगढ़ एवं बलदेवगढ़ का वन अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

## वन परिक्षेत्र बल्देवगढ़ अंतर्गत मृत पाई गई-
## 6 नील गायों के शिकार मामले का हुआ खुलासा, दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। वन परिक्षेत्र बल्देवगढ़ अंतर्गत मृत पाई गई छह नील गायों के मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने खुलासा कर मामले की दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना अनुसार वनमण्डल टीकमगढ़ अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बल्देवगढ़ की बीट जिनागढ़ के क्षेत्र में आने वाले ग्राम जटेरा के पास वन कक्ष कमांक पी-77 बी में वनक्षेत्र में पाये गये अवैध अतिक्रमण के कुऐ में 05 नग नीलगाय मृत अवस्था में 09 फरवरी 2025 को पाई गई थी। जिनको कुऐ से निकालकर बल्देवगढ़ ले जाकर पशु चिकित्सक अधिकारी बल्देवगढ़ से पीएम कराने के उपरान्त उनका विधिवत् दाह संस्कार किया गया। बताया गया है कि 09 फरवरी 2025 को ही अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2 ;16द्ध 9, 39, 40, 51 के तहत वन अपराध पंजीबद्ध कर जॉच में लिया गयाए एवं तत्काल गोपनीय सूत्रों से संदिग्ध आरोपियों के द्वारा किये शिकार की घटना के संबंध में सबूत एकत्रित करना प्रारंभ कर दियेए तथा वनक्षेत्र के अतिक्रमण के संबंध में भागीरथ तनय कुंजीलाल लोधी एवं घनश्याम तनय कुंजीलाल लोधी निवासी ग्राम जटेरा के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 ;1द्ध ग के अन्तर्गत वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। दिनांक 10 फरवरी 2025 को मृत नीलगायों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इलेक्ट्रीकुशन की जानकारी प्राप्त होने एवं मुखबिर तंत्र की जानकारी की पुष्टि पर वन परिक्षेत्राधिकारी बल्देवगढ़ के नेतृत्व में वन अमले द्वारा घटना स्थल पर साक्ष्य एकत्रित कर मौका मुवायना करते हुये मौके से शिकार में प्रयोग किये जाने वाली सामग्री क्लच वायर, विद्युत वायर, बैटरी, झटका मशीन एवं अन्य विद्युत संयोजन तथा मोर पंख जप्त किये गये एवं मौके से ही इस घटना के संदिग्ध आरोपी भागीरथ तनय कुंजीलाल लोधी एवं घनश्याम तनय कुंजीलाल लोधी निवासी ग्राम जटेरा को गिरफ्तार कर बल्देवगढ़ लाया गया तथा नीलगायों के शिकार के मामले का खुलासा किया गया। बताया गया है कि 11 फरवरी 2025 को गिरफ्तार किये गये। दोनों आरोपियों को न्यायालय टीकमगढ़ में पेश किया गया, जहाँ से आरोपियों को 14 दिवस की न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल टीकमगढ़ भेज दिया गया। यह सम्पूर्ण कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक छतरपुर के मार्गदर्शन मे वनमण्डलाधिकारी टीकमगढ़ राजाराम परमार, उप वनमण्डलाधिकारी टीकमगढ़ श्रीमती मनीषा वाघाड़े के दिशा निर्देशन में वन परिक्षेत्राधिकारी बल्देवगढ़ नीतेश सोनी, परिक्षेत्र सहायक खरगापुर शेख ईस्माईल खॉन, बीटगार्ड जिनागढ़ सुसेन्द्र अहिरवार वनरक्षक, सतेन्द्र तिवारी वनरक्षक, मनीष खरे बीट प्रभारी बल्देवगढ़ एवं अन्य वनस्टाफ के द्वारा की गई।

## फरार वारंटियों की धरपकड़ तेज, दो गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना जतारा एवं बुडेरा ने फ़रार स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार किया। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ एवं ध्जतारा के मार्गदर्शन में अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा फ़रार, इनामी, स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 11फरवरी 2025 को थाना प्रभारी जतारा उप निरीक्षक रघुराज सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के फ़रार स्थाई वारंटी रविशंकर पिता नाथू राम यादव निवासी टीकमगढ़ को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। गत दिवस थाना प्रभारी बुड़ेरा उप निरीक्षक अंकित द्विवेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के फ़रार स्थाई वारंटी गजेंद्र पिता कपूर सिंह निवासी तालबेहट जिला ललितपुर उप्र को मुखबिर से प्राप्त सूचना उपरांत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा उपरोक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## मां-बेटे के लिए वरदान साबित हुई 108 एम्बूलेंस, मिला उपचार तो बची जान

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में 108 एम्बुलेंस वरदान साबित हो रही हैं। इन एम्बुलेंस द्वारा घायलों का समय पर इलाज कराने से अनेक लोगों को जीवनदान मिल सका है। बीते रोज घायल मां-बेटे को समय पर इलाज मिल जाने से उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार जिला टीकमगढ़ थाना बड़ागांव के अंतर्गत गोल्ड ढाबा के आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस मे कॉल किया। जिसमें तुरंत एंबुलेंस नंबर सीजी 04 एनएस 2887 में ईएमटी अंकुश यादव ने मरीज को गाड़ी में शिफ्ट किया इमरजेंसी पायलट राजुल यादव ने एंबुलेंस को जिला अस्पताल टीकमगढ़ मे पहुंचाया अचानक एक बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी बाइक पर सवार महिला का हाथ फैक्चर हो गया और अज्ञान साहू घायल हो गया और मौके पर राहगीर आज्ञा साहू ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सीजी 04 एनएस 2887 एंबुलेंस पहुँची। महिला राधा साहू की स्थिति गंभीर होने के कारण इनका उपचार टीकमगढ़ जिला अस्पताल मे जारी है। 108 एंबुलेंस में ईएमटी अंकुश यादव ने मरीज को फर्स्ट एड दिया। पायलट ने अपनी सूझबूझ से एंबुलेंस को घटना स्थल कम समय में एंबुलेंस को पहुंचाया। बताया गया है कि आज्ञान साहू की उम्र 23 वर्ष एवं राधा साहू की उम्र की उम्र 40 वर्ष है। आसपास के लोगों ने बताया आज्ञान साहू और राधा साहू दोनों मां बेटे हैं। डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुरेंद्र गंगवार ने बताया किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में हमारे पास 108 एम्बुलेंस है, जो सड़क दुर्घटना कार्डियक अरेस्ट हार्ट अटैक आदि मरीज को उठा सकती है। सुरेंद्र गंगवार ने बताया टीकमगढ़ जिले में एंबुलेंस इस समय लगातार प्रशंसनीय कार्य करने में तत्पर हैं।

# सी एम राइस विद्यालय का ठेकेदार द्वारा किया जा रहा घटिया निर्माण कार्य, कार्यवाही की मांग



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय में बाईपास रोड़ पर सीएम राईस विद्यालय के नवीन भवन का निर्माण जैन कन्ट्रक्शन कंपनी भोपाल द्वारा 35 करोड़ की राशि किया जा रहा है, जिसकी मानिटिरिंग एजेन्सी भोपाल विकास प्राधिकरण है, उक्त कार्य अमानक एवं घटिया मटेरियल से कराया जा रहा है, क्योकि मानिटिरिंग एजेन्सी द्वारा ठेकेदार से साठ गाठ कर किसी भी प्रकार की जांच नहीं की जा रहीं है, और न ही अमानक मटेरियल का उपयोग करने से ठेकेदार को रोका जा रहा है। जबकी शासन द्वारा पर्याप्त 35 करोड़ की राशि भवन बनाने के लिए स्वीकृत की गई है। उक्त भवन निर्माण में भारी अनियमिताएं की जा रहीं है, ज्ञाता हो की निर्माण कार्य मे अमानक डस्ट का उपयोग लगातार किया गया है तथा इसी प्रकार शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य अन्य ठेकेदारो से पेटी पर दे रखा है, जिससे वह अपनी मनमर्जी से कार्य करा रहें है। और कार्य का मूल्यांकन भी नियम विरुद्ध तरीके से चले रहा है। जब इस प्रकार का घटिया कार्य कलेक्टर कार्यालय से महज सौ मीटर दूरी पर घटिया कार्य कराया जा रहा है तो जिले मे अनेक स्थानो पर बन रहें शासकीय भवनो की इससे भी बदतर स्थिती देखी जा रहीं है। स्थानीय लोगो ने संबंधित भवन निर्माण की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है**

यह गंभीर विषय है यदि वह डस्ट से कार्य हो रहा हैं तो निश्चित ही संबंधित अधिकारी को जांच के लिए लिखा जाएगा, अभी वह सागर मीटिंग में है।

***रवि प्रकाश खरे जिला शिक्षा अधिकारी***

# ठेकेदार द्वारा नहीं दी जा रहीं मजदूरी की राशि

## मजदूरो ने कोतवाली थाना में आवेदन देकर कार्यवाही करने की उठाई मांग

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिला मुख्यालय के बाईपास रोड में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी का भुगतान में ठेकेदार द्वारा नहीं किया जा रहा है तथा कार्य स्थल पर उपस्थित ठेकेदार के कर्मचारीयों द्वारा मजदूरी देने मे आनाकानी की जा रही है। जिससे मजदूर भारी परेशान है, तथा उनके परिवार का उदर पोषण की समस्या बड़ती जा रही है, वह दाने-दाने के लिए मोहताज हो चुके हैं। मामला पुलिस तक पहुंच चुका है लेकिन अभी भी उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। जयराम निवासी कल्याणपुर ने बताया कि ठेकेदार ने उन्हें प्रत्येक सप्ताह मजदूरी भुगतान का आश्वासन देकर काम पर रखा था लेकिन



सप्ताह बीतने के बावजूद मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया और 15 दिनों में भुगतान करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन जब 15 दिन पूरे होने के बाद भी मजदूरी की राशि नहीं मिली तो संबंधित मजदूरो ने कोतवाली थाना अन्तर्गत संचालित सिविल लाईन पुलिस चौकी में आवेदन देकर संबंधित ठेकेदार से मजदूरी की राशि दिलाये जाने की मांग की है। मजदूरो ने बताया कि ठेकेदार पर 29 मजदूरो की 19 दिनो की मजदूरी लगभग एक लाख रूपये मिलना है, जिसको लेकर ठेकेदार के कर्मचारी लगातार वाहने बाजी करते हुए ताल मटोल कर रहें है। संबंधित मजदूरो द्वारा तत्काल राशि भुगतान कराये जाने की मांग की है।

# ग्राम पंचायत दनवारा में भारी भ्रष्टाचार लाखो के चेक डेम एक ही वर्षात में हुए धराशाई

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत दनवारा में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, मनरेगा योजना के तहत लाखो रूपये की राशि से चेक डेमो का निर्माण घटिया मटेरियल से कराया गया था, जो एक ही वर्षात में धराशाई हो गयें, स्थानीय लोगो ने बताया कि उक्त चेक डेम अमानक रेत एवं पत्थरो से किया गया था, तथा फर्जी बिल बाउचर लागकर राशि आहरित कर ली गई। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, उपयंत्री, रोजगार सहायक द्वारा ग्राम पंचायत मे संचालित विभिन्न निर्माण कार्यो मे भारी भ्रष्टाचार किया गया है। इसी प्रकार पांचवे राज्य वित्त आयोग से सीसी सड़क का निर्माण किया गया था, उक्त सड़क में भी घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया तथा सिद्धि विनायक ट्रेडर्स के बिल लगाकर राशि आहरित कर ली गई। इसी प्रकार मटेरियल में भी मनमाने राशि के बिल लगाये जा रहें है। एक डम्फर रेत खरीदी का बिल 50 हजार रूपये की राशि का बिल लगाया गया है जो जैन बिल्डिंग मटेरियल के नाम से लगाया गया है। गिट्टी की राशि भी मनमाने ढंग से बिल बाउचर लगाकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत दनवारा में लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है, ग्राम पंचायत की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के नाम से भारी फर्जीवाड़ा किया गया है। तथा मनमाने ढंग से बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित की जा रही है। ग्राम पंचायत में छह माह पूर्व लिदरी हार के नाले में 8 चैक डेम का निर्माण कराये गये थे, जो वर्षात मे बह चुकें है। इसी प्रकार अन्य निर्माण कार्य के नाम पर फर्जी बिल बाउचर डालकर राशि आहरित की गई, जबकी जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं कराया गया है।

***इनका कहना है***

मुझे अभी मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है की ग्राम पंचायत में बिना कार्य के राशि अहरण कर ली गई हैं, मेरी द्वारा जाँच टीम गठित की जा रही है, मौका स्थल पर पहुंच कर निरिक्षण किया जायेगा।

***अखिलेश उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई***

## महाराजा छत्रसाल स्टेडियम की संचालन समिति का गठन

पन्ना/जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संचालन समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन अनुसार खेल अधिकारी एवं एसडीओपी एसपी सिंह बघेल द्वारा संचालन समिति गठित की गई है, उक्त समिति में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, मैदान व्यवस्था देखरेख समिति के लिए अमर बहादुर सिंह, शिव कुमार मिश्रा, मनीष शर्मा, खेल शिक्षक राज कुमार रिछारिया को शामिल किया गया हैं। उक्त समिति छत्रसाल स्टेडियम की खेल एवं अन्य गतिविधियां का संचालन एवं संधारण करेगी। ज्ञात हो कि खेल अधिकारी एसडीओपी एस पी सिंह बघेल द्वारा छत्रसाल स्टेडियम जो कचरे के रूप मे तब्दील था, उसे बेहतर बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा वह लगातार खेल मैदान को बेहतर बनाने की दिशा मे कार्य कर रहे है। जिसके लिए नगर के खिलाड़ीयो द्वारा बधाई दी है।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की पत्रकार वार्ता आज



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के भ्रमण पर आ रहें मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में सुबह 11 बजे स्थानीय पत्रकारो के साथ मुलाकत करेगें तथा पन्ना जिले के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा करेगें, एवं उन सभी महत्वपूर्ण मुद्दो को नोटिस करते हुए विधानसभा में भी उठायेगें। पत्रकारा वार्ता में जिले के सभी पत्रकार 11 बजे स्थानीय सर्किट हाउस मे उपस्थित हो कर पत्रकारा वार्ता में शामिल हो।

# माध्यमिक शाला बछरवारा की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त

## बच्चो का भविष्य अंधकारमय

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सलेहा संकुल के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालय बछरवारा में पदस्थ शिक्षक मदनमोहन शर्मा एवं लक्ष्मी कांत द्विवेदी की लापरवाही के चलते



विद्यालय मे अध्यनरत बच्चो का भविष्य अंधकार मय बना हुआ है, स्थानीय लोगो ने बताया कि संबंधित शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पंहुचते है, जिसके चलते बच्चे भी विद्यालय के बाहर घंटो इन्तजार करने के बाद घर चले जाते है, बताया जाता है कि उक्त विद्यालय में एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राए विद्यालय पंहुचते है शिक्षको की लापरवाही के चलते अनेक छात्र विद्यालय से अपने अपने नाम कटाकर निजी विद्यालयों शिक्षा अध्यन करने के लिए चले गये है। स्थानीय अभीभावको ने बताया कि संबंधित मामले की शिकायत संकुल प्राचार्य एवं वरिष्ट अधिकारीयो से भी की गई। लेकिन उसके बावजूद शिक्षको के रवैया मे कोई बदलाव नहीं हुआ है। ग्रामीणो ने संबंधित शिक्षको पर कार्यवाही करने नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी से की है।

# ग्राम मड़ला में संत रविदास जयंती का किया गया आयोजन, निकाली गई शोभायात्रा



**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/ग्राम पंचायत मंडला में संत शिरोमणि रविदास जयंती का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, संजय अहिरवार अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले संत रविदास जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 100 करोड़ की लागत से विशाल मंदिर सागर में बनाया जा रहा है संत रविदास किसी एक जाति के नहीं बल्कि पूरे देश ओर विश्व के संत रहें हैं। संजय अहिरवार ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज को हमेशा एक साथ रहना चाहिए एवं महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए और अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना चाहिए। मंचीय कार्यक्रम के बाद प्रभात फेरी मंडला में निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पंचम अहिरवार प्रकाश अहिरवार ललिया अहिरवार राम अहिरवार गोरेलाल अहिरवार आदि। कार्यक्रम का सफल संचालन भूपत अहिरवार के द्वारा किया गया।

# हितग्राही ऋण का भुगतान समय पर करके बैंक के सामने साख बनाएं -विधायक श्रीमती खटीक

**-प्राप्त राशि से अच्छा मुनाफा कमाएं और बैंक को उसकी राशि समय पर लौटाएं-संभागायुक्त डॉ रावत**

**-हटा एस.डी.एम. कार्यालय में संत रविदास योजना अंतर्गत ऋण वितरण कार्यक्रम संपन्न, हितग्राहियों को लोन स्वीकृति पत्र किए गए वितरित**



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 फरवरी। संतशिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियो को स्वरोजगार स्थापित करने लोन स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम एस.डी.एम. कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हटा विधायक उमादेवी खटीक, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सी.ई.ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने *जनप्रतिनिधयों और अधिकारियों के साथ* संत रविदास योजना अंतर्गत ऋण वितरण योजना कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को 34.50 लाख रुपये के बैंक ऋण की स्वीकृति पत्र प्रदान किये। जिनमें हितग्राही सीमा अहिरवार को जिम लोन 10.50 लाख, राजा कोरी को 8 लाख का लोन जूता चप्पल दुकान के लिए, मोहन अहिरवार को सेंट्रिंग के लिए 50 हजार, नरेश अहिरवार को 3 लाख एवं रीना अठ्या को 2 लाख रूपये का ऋण ब्यूटी पार्लर के लिये दिया गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने बैंक के अधिकारियो से कहा ऋण प्रदाय की प्रक्रिया और सरल की जाए ताकि हितग्राहियों के ऋण प्रक्रिया शीघ्र संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा बकरी पालन, मुर्गी पालन, गौपालन आदि के अनेक प्रकरण स्वीकृति के लिए विभिन्न बैंकों के पास लंबित है, उन्हें शीघ्र निराकृत सुनिश्चित किया जाये। विधायक श्रीमती खटीक ने हितग्राहियो से भी आग्रह किया कि ऋण का भुगतान समय पर करके बैंक के सामने साख बनाएं, ताकि अगला ऋण आसानी से प्राप्त हो सकें।

लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी ने हितग्राहियो, व्यवसाय और स्वीकृत राशि का विवरण दिया। इस दौरान किराना दुकान, जिम, ब्यूटी पार्लर, जूता चप्पल दुकान आदि के लिए 34 लाख 50 हज़ार रुपये राशि के ऋण के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने ऋणी हितग्राहियो को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा प्राप्त राशि से अच्छा मुनाफा कमाएं और बैंक को उसकी राशि समय पर लौटाएं। संभागायुक्त डॉ. रावत ने एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया और अधीनस्थ स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर स्टेट बैंक से फील्ड अफसर आलोक असाटी, सेंट्रल बैंक से प्रबंधक कामोद वर्गीय, यूनियन बैंक के रसीलपुर प्रबंधक दिनेश कुशवाहा, सौरभ नेमा, भोले सराफ, शैलेश पटेल, कनयी पटेल, एस.डी.एम. निकेत चौरसिया, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी, स्टेट बैंक हटा शाखा प्रबंधक राजू तिर्की, सेंट्रल बैंक शाखा प्रबंधक कमोद बागरी, यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक दिनेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी ने नोहलेश्वर महोत्सव के लिए राज्यपाल को दिया आमंत्रण

भोपाल। आगामी 22 फरवरी से शुरू होने वाले नोहलेश्वर महोत्सव हेतु संस्कृति पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी ने माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल को आमंत्रित किया। आज भोपाल स्थित राजभवन पहुंचकर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र लोधी ने माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल से सौजन्य भेंट की और नोहलेश्वर महोत्सव 2025 के लिए सादर आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि दमोह जिले के नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर परिसर में 22 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के विशेष आतिथ्य में होगा। इस महोत्सव के दौरान विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, भजन, लोकगीत तथा संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। समारोह का समापन भजन गायक लखबीर सिंह लख्खा की भजन संध्या के साथ होगा।



## कलेक्टर श्री कोचर हटा एसडीएम कार्यालय पहुंचे

**ग्रामीण जनों और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश**



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 12 फरवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज हटा भ्रमण के दौरान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर एस.डी.एम. कार्यालय में आए ग्रामीण जनों और नागरिकों से मिले उनकी बातें व समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय मीडियाजन ने भी कलेक्टर श्री कोचर से चर्चा की।

## अवैध रेत खनन परिवहन पर कार्यवाही करते हुए 03 ट्रैक्टर जप्त

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 12 फरवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खनिज विभाग दमोह द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इस संबंध में खनिज अधिकारी मेजर जमरा ने बताया अवैध रेत खनन परिवहन पर कार्यवाही करते हुए ब्यारमा नदी कोटा से 02 ट्रैक्टर एवं 01 ट्रेक्टर हिंडोरिया से जप्त किए गए। साथ ही अवैध रेत खनन कर्ता एवं परिवहनकर्ता नारायण साहू, जगदीश खटिक और हुकुम पटेल पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया संबंधितों पर नियमानुसार शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

## रक्तदान शिविर आयोजित कर सेवा समर्पण भाव से मनाया रिंकू जैन ने अपना जन्मदिवस

**-बनवार मंडल अध्यक्ष ने रक्तदान शिविर आयोजित कर मनाया जन्मदिवस**

**-बनवार रक्तदान शिविर में 34 युवाओं ने किया रक्तदान**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह/जबेरा विधानसभा के भाजपा मंडल बनवार के मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष रोहित जैन रिंकू ने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम बनवार में रक्त दान शिविर का आयोजन किया, जिसमे युवाओं के द्वारा रक्त दान महादान में अपनी सहभागिता निभाते हुए रक्त दान किया गया, मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन के जन्म दिन को यादगार बनाने युवाओं के द्वारा रक्त दान शिविर के आयोजन करने की सहमति दी गई, जिसके बाद जिला मुख्य लय से रक्त दान बैन बनवार पहुंची और युवाओं के द्वारा इस शिविर में शामिल होकर बड़े ही उत्साह उमंग के साथ रक्त दान किया गया जिसमे करीब 34 यूनिट रक्तदान किया गया। भाजपा बनवार मंडल अध्यक्ष रोहित रिंकू ने कहा कि रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे अपने आप में आत्म संतुष्टि मिलती है।कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अतः हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।





बनवार पुलिस चौकी प्रभारी मनीष यादव ने कहा कि पीड़ितों की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता। रक्तदान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि रक्त का किसी फैक्ट्री में निर्माण नहीं हो सकता। आकस्मिक रूप हुई दुर्घटना में घायल और गंभीर रूप से पीड़ितों का जीवन बचाने के लिए दान करना चाहिए आज जिस तरह युवाओं के द्वारा 34 यूनिट रक्तदान किया किया है यह प्रयास काफी सराहनीय है।क्यों रक्त दान किसी को जीवन दान दे सकता है।

जय कुमार गुड्डा जैन ने कहा कि रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और हृदयाघात की संभावना नहीं रहती। नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियो का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचें हो जाती हैं। रक्तदान शिविर में 34 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमे अमजद खान, धर्मेंद्र जैन, गगन नामदेव, धर्मेंद्र राय पटना, विपिन जैन, रत्नेश जैन, आरिफ खान, प्रदीप जैन, प्रशांत जैन, रानू जावेद खान, सुदर्शन शर्मा, मणि शंकर शर्मा, पारस जैन, मणि शंकर अग्रवाल, डालचंद नामदेव, घनश्याम सिंह लोधी, डॉक्टर बाबू रैकवार, अमित मिश्रा, दीपक जैन, बबलू यादव जमनेरा, वृंदावन अहिरवार पटना सरपंच, राहुल जैन, नितिन अहिरवार, राहुल पाल, शैलेंद्र राय पटना, मुन्ना अहिरवार पटना, दीवान राजपूत माला, साहिल मिश्रा सिमरी, अभिषेक जैन, गगन आदिवासी, सुदीप जैन, विपिन जैन, आदि ने रक्तदान किया, इस दौरान दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष देवेंद्र जैन, जय कुमार जैन ,बनवार पुलिस चौकी प्रभारी मनीष यादव, शिक्षक अनरथ सिंह, रघुवीर सिंह, बनवार सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### बरसाना की लड्डू व लठामार होली

# फुहड़ व कान फोड़ संगीत बजाना रहेगा प्रतिबंध

## -भजन के अलावा किसी प्रकार का संगीत बजेगा तो होगी कार्यवाई- एसडीएम
## -उल्लंघन करने पर भेजा जाएगा जेल, लोगों ने कहा कि गलियों पर नहीं लगाएं बेरियर



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली व लठामार होली में लगने वाले भंडारे व संगीत कार्यक्रमों में बजने वाले डीजे पर अश्लील, फूहड़, कान फोडू संगीत नहीं बजेगा। अगर किसी ने बजाय तो उसको जेल भेजा जाएगा। यह जानकारी एसडीएम नीलम श्रीवास्तव ने कस्बावासियों के साथ थाना प्रांगण में हुई बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह होली विश्व प्रसिद्ध हैं यहां दुनियां भर के श्रद्धालु आते हैं उनसे सदव्यवहार किया जाए। ताकि यहां की अच्छी छवि लेकर जाएं।

बैठक में कस्बा वासियों ने कस्बे की गलियों के बाहर बैरियर लगाने से उनको परेशानी होती है। इस बार गलियों पर बैरियर नहीं लगाए जाएं। एडीएम ने कहा कि इस बार किसी भी कस्बा वासी को परेशानी नहीं होगी । उनको अपने पास या आधार कार्ड रखना होगा। वहीं मंदिर जाने वाले रास्तों को वन वे रहेंगे। सभी श्रद्धालु राधा रानी मंदिर में सीढ़ियों के रास्ते मंदिर जाएंगे। दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर के रास्ते, जाटव मोहल्ले होकर नीचे गोवर्धन रोड पर निकाला जाएगा। नंदगांव से आने वाले हुरियारों को नई सीढ़ियों के रास्ते रसोई घर में होकर मंदिर में अंदर प्रवेश मिलेगा। हुरियारों को मंदिर में होली खेलने के बाद सिंह पौर के रास्ते रंगीली गली होकर निकाला जाएगा। होली के दौरान कस्बे में घटिया किस्म का गुलाल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान व्यापारियों व मिठाई विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी घटिया किस्म का गुलाल व मिलावटी मिठाई नहीं बेचें। एसडीएम गोवर्धन व चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने कस्बा वासियों से अपील की है कि दो दिन किसान भाई अपने पशुओं व बुग्गियों को घर से बहार न निकाले। सभी कस्बा वासियों ने होली का प्रसारण एलईडी लगाकर करने व होली का दायरा बढ़ाने की मांग की। जिसपर एसडीएम ने कहा सभी ग्रामीणों से कहा कि मेला आपका है आप सभी निर्णय ले उसके बाद हम आपकी मदद को तैयार हैं। मीटिंग में थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल, एसडीओ संजय सिंह, संजय गोस्वमी, गोकलेश कटारा, लछमन प्रसाद शर्मा, हरिओम , दिनेश खंडेलवाल, नरेश चंद, प्रिया हलवाई,बबलु गोस्वामी, चन्दर गोस्वामी, कलुआ बघेल आदि मौजूद थे।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

# मुन्नी, गुड्डू और पप्पू नाम के कलाकारों ने फैलाई मानव दुर्व्यापार एवं बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरूकता

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना की ग्राम पंचायतों में स्कूलों, चौक, चौराहा और बस्तियों में हुआ नुक्कड़ नाटक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत जिले में निरंतर विभिन्न तरह की गतिविधियों का क्रियान्वयन जारी है। इसी कड़ी में बुधवार और गुरुवार को आवाज मध्य प्रदेश एवं महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भानगढ़, देवल, कंजिया, गुरयाना, कनखर, बेलई और देहरी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमे मानव एवं बाल दुर्व्यवहार रोकथाम विषय पर मुन्नी गुड्डू और पप्पू नामक पात्र के द्वारा नाटक के माध्यम से जागरूकता लाई गई। नाटक में बताया गया कि कैसे मासूम बच्चियों को जाल में फंसाकर बेचा जा रहा है।



इसके लिए निहित कानून को भी नुक्कड़ नाटक के द्वारा बताया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानव दुर्व्यापार के स्वरूप को विस्तार से बताया गया की किस तरह शादी का झांसा देकर , झूठे वादे करके, लालच देकर, डरा धमका कर शिकार बनाया जाता है गिरते लिंगानुपात के दुष्परिणाम को भी बताया गया सभी सुरक्षात्मक नंबरों की जानकारी दी गई। इस नुक्कड़ नाटक में आवाज जनकल्याण समिति से जिला समन्वयक मालती पटेल टीम सदस्य मनीष डांगी, राम, अंकित सेन और शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया सागर के एनएसएस इकाई के वालंटियर आकाश चौबे अभिषेक बंसल नेहा कुर्मी खुशबू अहिरवार प्रतिभा मौर्य प्रशांत कुर्मी प्रदीप पटेल प्रियंका सेन शामिल रहे।

# शासकीय प्राथमिक पाठशाला हर्षमऊ का उन्नयन कराने की उठी मांग

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी - जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 14 हर्षमऊ निवाड़ी के वार्ड वासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 14 के ग्राम हर्षमऊ में एक शासकीय प्राथमिक पाठशाला स्थित है जिसमें छोटे-छोटे बच्चे अध्ययनरत हैं चूकि जिला अस्पताल चुरारा निवाड़ी में से हाईवे रोड निकल गया है और अभी कक्षा छठवीं में शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को शासकीय माध्यमिक शाला चुरारा जिला अस्पताल के पीछे जाना पड़ता है जिसकी दूरी लगभग हर्षमऊ से 3 किलो मीटर है जिसके कारण अभिभावकों को बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है कि छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल कैसे भेजें क्योंकि वार्ड क्रमांक 14 हर्षमऊ में रेलवे ओवर ब्रिज पुल का निर्माण होने के कारण बच्चों को पुल पर से चुरारा स्कूल जाना पड़ेगा और पुल पर से ही छोटे-बड़े भारी वाहनों को भी निकलना है जो रेलवे ओवर ब्रिज पुल से सीधे हाईवे रोड जिला अस्पताल चुरारा निवाड़ी से निकलेंगे इसलिए अभिभावक बच्चों को चुरारा स्कूल भेजने से डर रहे हैं इसलिए समस्त वार्डवासियों की मांग है कि वर्ष 2025 अप्रैल सत्र से ही शासकीय प्राथमिक पाठशाला हर्षमऊ का उन्नयन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में करके कक्षा छठवीं में बच्चों को यहीं पर शिक्षा ग्रहण कराई जाए नहीं तो मजबूरी के कारण बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। बाढ़ वासियों ने कलेक्टर से प्रार्थना पत्र के माध्यम से निवेदन है कि शासकीय प्राथमिक पाठशाला हर्षमऊ का उन्नयन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शीघ्र करवाए जाने की कृपा करें। आवेदन पत्र देने वालों में समाजसेवी धर्मेंद्र रायकवार, पार्षद श्रीमती प्रेमलता बाजपेई, हरीश, सुरेंद्र सेन, भूपेंद्र, मनोज राय, मुरलीधर,शिवम,राजकुमार, सोहन अहिरवार,कैलाश, मोहन,राजेंद्र रैकवार,चंदन सिंह, वंशगोपाल,अहिरवार,शिवम, आलोक सेंगर आदि उपस्थित रहे।

# आज बिरज में होरी रे रसिया--

## -माघ पूर्णिमा पर द्वारकाधीश मंदिर में गढा होली का डांढा
## -होली के रसियों के गायन से गुंजायमान हो उठा मंदिर प्रांगण
## -रसियों की प्रस्तुति सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। वसंत पंचमी के बाद से ब्रज के मंदिरों में होली का गुलाल लगा है। द्वारिकाधीश मंदिर में बुधवार की सुबह मंगल दर्शन से पहले होली महोत्सव का डाढ़ा परम्परागत रीति के साथ होली के पद गाते हुए गाढ़ दिया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं पर गुलाल उडाया गया। माघ पूर्णिमा पर होली का डाढ़ा गढ़ते ही मंदिर में होली का आनंद चरम पर पहुंच गया ।

द्वारिकाधीश मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि बुधवार से सुबह राजभोग के दर्शन के बाद ठाकुर द्वारिकाधीश को रसिया गायन द्वारकेश रसिया मंडल के कलाकारों द्वारा ढप की थाप पर ब्रज के प्रमुख रसियों को सुनाया। इस दौरान 'ऐसी होरी में लग जाए आग री कैसो चटक रंग डारो और आज बिरज में होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया' आदि रसिया गायन सुनकर भक्त भव विभोर हो गए। इन रसियों का गायन मंदिर प्रांगण में एक माह तक सुनने को मिलेगा। इस दौरान विभिन्न मनोरथ भी आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख रूप से रंगभरनी एकादशी 11 मार्च को 84 स्तंभ का बगीचा और ठाकुर जी का डोल महोत्सव प्रारंभ हो जाएंगे। जिसमें देश-विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालु और भक्तगण इसका आनंद ले सकेंगे।

# अथर्व ने साबित कर दिया है कि अगर संकल्प पक्का हो तो सफलता भी पक्की है -प्राचार्य अशोक मिश्रा

## अथर्व ने बढ़ाया डी ए वी बीना का मान

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/डी ए वी बी आर,बीना के बारहवीं का छात्र अथर्व प्रताप सिंह ने जेईई,मेंस परीक्षा,2025 में 99.34 परसेंटाईल प्राप्त कर इतिहास रच दिया है विदित हो कि बीना रिफायनरी में कार्यरत इंजीनियर अमित प्रताप सिंह का पुत्र अथर्व बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि है। दसवीं में भी उसने 98त्न अंक अर्जित कर उच्च स्थान हासिल की थी।एक ओर जहां माता-पिता व अभिभावकों में दसवीं के बाद बच्चों को कोचिंग संस्थानों में दाखिला कराने हेतु बाहर भेजने की होड़ रहती है वहीं अथर्व के माता-पिता ने साहसिक कदम उठाते हुए डीएवी बीआर पर भरोसा जताया और परिणाम भी सर्व विदित है। प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र ने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि अथर्व ने विद्यालय में नियमित रूप से पढ़ाई करते हुए जेईई मेंस में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्राचार्य ने कहा कि अथर्व ने साबित कर दिया है कि अगर संकल्प पक्का हो तो सफलता भी पक्की है।एल एम सी चेयरमैन हरदीप सिंह एवं ए आर ओ (एम पी जोन-सी) एस के सिन्हा ने अथर्व के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने प्रसन्नता प्रकट की।



# भागवत दांगी पुनः निर्वाचित हुए मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष के लिए आज जिला मुख्यालय पर स्थित पटवारी भवन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसमें भागवत दांगी को एक बार पुन: पटवारी संघ निवाड़ी जिले का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पटवारी संघ की निर्वाचन प्रक्रिया के लिए गठित की गई निर्वाचन टीम के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 12 फरवरी को निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसमें जिले में पदस्थ 135 पटवारी में से 130 पटवारीयो ने मध्य प्रदेश पटवारी संघ की सदस्यता लेते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता की तथा 11 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के उपरांत 12 फरवरी को निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसमें प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नामांकन फार्म जमा करने के लिए समय निर्धारित किया गया था तथा नाम निर्देशन पत्र जमा करने के निर्धारित समय में केवल भागवत दांगी के द्वारा ही जिला अध्यक्ष के लिए नामांकन फार्म जमा किया गया तथा निर्धारित समय बीत जाने पर किसी अन्य अभ्यर्थी के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किए जाने पर भागवत दांगी को मध्य प्रदेश पटवारी संघ का निवाड़ी जिले का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। मध्य प्रदेश पटवारी संघ का निवाड़ी जिले का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर समस्त पटवारीयो के साथ-साथ नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों के द्वारा बधाई और शुभकामनाएं दी गई।



# संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें -विष्णुदत्त शर्मा



तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा बुधवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर राजनगर में संत रविदास मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक समरसता का अभियान चला रही है, संत रविदास जी ने यह काम शताब्दियों पहले किया था। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से देश और समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया। आज उनकी जयंती पर हम सभी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

***समाज को जगाने वाले बिरले संत थे रविदास जी***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज संत रविदास जयंती के अवसर पर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, इसलिए आज का दिन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इस शुभ अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का नारा दिया है, संत रविदास जी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से यह करके दिखाया था कि किस तरह हर समाज को साथ लेकर चला जा सकता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को जगाने और दिशा देने का काम किया। हमारे देश पर जब आततायियों ने हमले किए, जब हमारे धर्म और संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया गया, तब संत रविदास जी ने संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट रख उस आक्रमण को विफल कर दिया। आज हम लोगों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल है कि अगर उस समय संत रविदास जी नहीं हुए होते, तो क्या होता? उन्होंने सामाजिक समरसता के लिए अपना पूरा जीवन खपा दिया, वे समरसता के अखंड पुरोधा थे।

***प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संतों को सम्मान दे रही भाजपा सरकार***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार संत रविदास जी जैसे उन संतों को सम्मान देने का काम कर रही है, जिन्होंने अपना जीवन देश और समाज की भलाई के लिये लगा दिया। सरकार उन संतों के संदेश को समाज तक पहुंचाने के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सागर में 100 करोड़ की लागत से संत रविदास जी का भव्य स्मारक बनाया जा रहा है। आज नगर परिषद अध्यक्ष ने यहां संत रविदास जी के नाम पर पॉर्क के निर्माण की घोषणा की है। आपका सांसद होने के नाते मैं भी 24 घंटे आपके साथ हूं।

***प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करें***

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के गढ़ा ग्राम स्थित बागेश्वर धाम पहुंचकर पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बागेश्वर धाम के दर्शन करने के साथ पीठाधीश्वर के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के 23 फरवरी को बागेश्वर धाम आगमन को लेकर तैयारी को लेकर चर्चा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी, डी ,शर्मा ने 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आगामी 23 फरवरी को प्रधानमंत्री एक बार फिर खजुराहो आ रहे हैं और उनके साथ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी भी आ रही हैं। हम सब उनका स्वागत करेंगे तथा खजुराहो और पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। हम सभी को प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति का ऐतिहासिक स्वागत करना है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, सिद्धार्थ बुंदेला,शशिकांत अग्निहोत्री, अरविन्द बुन्देला , खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू) अवस्थी, राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष जीतू वर्मा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी, गौरव बघेल तथा कमलेश पटेल, कमलेश उपाध्याय, राजेश सोनी,बृज गोपाल अवस्थी (टिकरी), गणेश पाठक, अवध अवस्थी, रोबी जैन, कल्लू सोनी श्रीकांत मिश्रा, मोंटी अग्निहोत्री सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्विरोध संपन्न हुए सकल दिगंबर जैन समाज घुवारा के बहुप्रतीक्षित चुनाव

**-पटृ. हजारीलाल जैन अध्यक्ष, वैद्य संजय जैन (शिक्षक) बने समाज के मंत्री**

**- कार्यकारिणी में 11 पदाधिकारी व 14 सदस्य चुने गए**

**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा! नगर में सकल दिगंबर जैन समाज के चुनाव संपन्न हुए जिसमें पटृ. श्री हजारीलाल जैन को अध्यक्ष तथा वैद्य श्री संजय जैन शिक्षक को मंत्री पद पर निर्विरोध चुना गया सकल दिगंबर जैन समाज घुवारा की बैठक में समाज के बहुप्रतिक्षित चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए जिसमें कार्यकारिणी के सभी 11 पदाधिकारी निर्विरोध रूप से सर्वसम्मति से चुने गए ! नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष व मंत्री के अलावा डॉक्टर पवन जैन ( मवई) कोषाध्यक्ष, सेठ सुबोध कुमार जैन संयुक्त मंत्री, पटृ. धनीराम जी (भोयरा) ऑडिटर, डॉ अरुण जैन (बारौ) प्रवक्ता, श्री महेश कुमार जी (मंडदेवरा) व, श्री सनत कुमार जी (कुटोरा) उपाध्यक्ष, पटृ. शैलेश कुमार व सुधीर कुमार बाबा उप मंत्री तथा अखिलेश कुमार जी बमनोरा को सह कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया इसके अलावा कार्यकारिणी में 14 सदस्य बनाए गए! समाज की बैठक की अध्यक्षता श्री अमरचंद जी भौंयरा ने की, निर्वाचन की प्रक्रिया श्री चौधरी मुन्नालाल जैन शिक्षक एवं श्री अरविंद कुमार जैन शिक्षक बारौ ने संपन्न कराई! सकल दिगंबर जैन समाज की एक कमेटी की गठन की आवश्यकता अनेक वर्षों से महसूस की जा रही थी जिसकी गठन हेतु श्री निर्मल कुमार जी बारौ द्वारा अथक प्रयास किया गया और करीब 1 माह से गठन की प्रक्रिया चल रही थी जिसके तहत समाज के 15 सदस्य दल द्वारा समिति का संविधान बनाया गया जिसका सकल समाज द्वारा अनुमोदन होने के बाद चुनाव संपन्न कराया गया, कमेटी द्वारा जल्द ही समाज के 21 वर्ष व अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को कमेटी की साधारण सदस्यता से जोड़ा जाएगा और समाज की जनगणना कराई जाएगी, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को नियम अनुसार संरक्षित सदस्य बनाया जावेगा! समाज की एकता, समाजिक संगठन और सामाजिक कार्यों की रूपरेखा बनाकर कमेटी कार्य करेगी!

# महिला की दामाद एवं उसके घर वालों द्वारा मारपीट

## वीडियो भी हो रहा है वायरल, एफआईआर दर्ज

छतरपुर। छतरपुर के सिविल थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा में एक मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। मारपीट में घायल वृद्ध महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मिथिला रजक उम्र 55 वर्ष निवासी लिधौरा जिला टीकमगढ़ ने बताया कि उसने अपनी पुत्री रोहिणी का विवाह हिंदू रीति-रिवाज से चार वर्ष पूर्व छतरपुर के ग्राम बूढ़ा निवासी महेश रजक से किया था। ससुराल पक्ष के लोग लगातार रोहिणी को परेशान कर रहे थे तीन दिन पूर्व रोहणी के ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर से भगा दिया था और बच्चों को घर पर रख लिया था। रोहणी के माता पिता बच्चों को लेने के लिए ग्राम बूढ़ा गए जहां पर रोहणी के ससुराल पक्ष से पति महेश, देवर अमर, सास कली रजक, ससुर रामबग्स रजक ने उनकी मारपीट कर दी। रोहिणी की मां मिथिला पिता लल्लू रजक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।



# चोरी गयी 5 नग भैंसे जप्त, चार आरोपी गिरफ्तार




छतरपुर। दिनांक 8 फरवरी को फरियादी राजेश गोस्वामी निवासी ग्राम बुदौर थाना मातगुवां की गणेश कॉलोनी खाली मैदान में चर रही 5 नग पशु भैंस(पड़िया) की चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने संदेहियों की जानकारी एकत्रित कर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने पशु चोरी करना स्वीकार किया। चोरी करने वाले 4 पशु चोर आरोपियों में मो. ताजुद्दीन पिता मो. शाबिर नि. ढपलाना थाना कोतवाली जिला महोबा, जगदीश यादव पिता बिट्टू यादव नि. पठापुर रोड थाना कोतवाली छतरपुर, मो. मौसम पिता अब्दुल मजीद नि. कसौडा टौरी थाना कोतवाली जिला महोबा, अफजल मोहम्मद पिता मो. यासीन नि. समदनगर थाना कोतवाली महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी की गई 5 नग भैंस (पड़िया) एवं प्रयुक्त पिकअप वाहन कीमत करीब 10 लाख रुपए बरामद की गई। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उनि ओशो गुप्ता, प्रधान आरक्षक राजू वर्मा, जयवेदी, हरचरण, आरक्षक हरेन्द, पुष्पेन्द, धर्मेन्द चतुर्वेदी, साइबर से आरक्षक धर्मराज, मयंक की अहम भूमिका रही।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321